काल से जुड़े शब्द

"बीती ताहि बिसार दे आगे की सुधि लेइ।"

इस वाक्य में 'बीती' शब्द अतीत यानी 'भूतकाल' के कार्यों को व्यक्त कर रहा है और 'आगे' शब्द 'भविष्य' के कार्यों को व्यक्त कर रहा है। इसी प्रकार 'वर्तमान' समय में होने वाले कार्यों को 'आज' जैसे शब्दों से व्यक्त किया जा सकता है। रोचक बात यह है कि अनेक शब्दों का प्रयोग बीते हुए समय, आने वाले समय और वतर्मान समय को बताने वाले, तीनों प्रकार के वाक्यों में किया जा सकता है।

(क) नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं। इनका प्रयोग करते हुए तीनों प्रकार के 'काल' व्यक्त करने वाले तीन-तीन वाक्य बनाइए

भूतकाल	वर्तमान काल	भविष्यत् काल
कल	आज	कल
परसों	अभी-अभी	परसों (आने वाले कल के बाद)
पहले	अब	अगले दिन/साल/महीने
पिछला	हमेशा	आगामी (आने वाले समय में)
बीते हुए	आजकल	जल्दी ही